भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3948

उत्तर देने की तारीख 12 दिसम्बर, 2019
21 अग्रहायण, 1941 (शक)

तीरंदाजी अकादमी की स्थापना

3948. श्री गुमान सिंह दामोरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार मध्य प्रदेश के रतलाम में एक तीरंदाजी अकादमी की स्थापना करने पर विचार कर रही है चूंकि यहां के युवा विशेष रूप से अपने तीरंदाजी कौशल के लिए जाने जाते हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में भविष्य में कब तक कोई निर्णय लिए जाने की संभावना है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेल अवसरंचना सुविधाएं स्थापित करने सहित खेलों के संवर्धन की मुख्यत: जिम्मेदारी राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र सरकारों की है । केन्द्रीय सरकार राष्ट्रीय खेल परिसंघों को वित्तीय सहायता तथा भारतीय खेल प्राधिकरण केन्द्रों में विशेषज्ञ प्रशिक्षण सुविधाएं संचालित करने और खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत राज्यों में खेल अवसंरचना में कमियों को दूर करने के माध्यम से राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करती है । इसलिए रतलाम, मध्य प्रदेश में तीरंदाजी अकादमी स्थापित करने हेतु कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है ।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से तीरंदाजी सहित अनेक खेल विधाओं में उदीयमान खिलाड़ियों के साथ-साथ उत्कृष्ट खिलाड़ियों के प्रशिक्षण हेतु देश भर में विभिन्न सुविधाएं संचालित कर रहा है । इन सुविधाओं का उपयोग विभिन्न राज्य/ संघ राज्यक्षेत्रों से आने वाले प्रतिभावान युवा कर सकते हैं । भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा मध्य प्रदेश राज्य में चलाई जा रही उपलब्ध प्रशिक्षण सुविधाओं का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है ।

****

अनुबंध

तीरंदाजी अकादमी की स्थापना के संबंध में श्री गुमान सिंह दामोर माननीय संसद सदस्य, द्वारा दिनांक 12.12.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3948 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा मध्य प्रदेश राज्य में चलाई जा रही उपलब्ध प्रशिक्षण सुविधाओं का ब्यौरा

राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र (एनसीओई)

क्र.सं.	केन्द्र का नाम	खेल-विधा
1.	भोपाल, मध्य प्रदेश	एथलेटिक्स
		मुक्केबाजी
		हाकी
		जूडो
		वुशु

साई प्रशिक्षण केन्द्र (एसटीसी) स्कीम

1	जबलपुर	बास्केटबाल
		मुक्केबाजी
		जूडो
		कराटे
		वालीबाल
		कुश्ती
2	टीकमगढ़	हाकी
		साफ्टबाल
3	धार	तीरंदाजी
		एथलेटिक्स
		बैडमिंटन
		फुटबाल
		कराटे
		ताइक्वांडों

सेना बाल खेल कंपनी स्कीम (एबीएससी)

1	1 सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर, जबलपुर	एथलेटिक्स
		मुक्केबाजी
		भारोत्तोलन
2	ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट सेंटर, जबलपुर	साइक्लिंग
		कुश्ती

एसटीसी/ एसएजी के विस्तार केन्द्र

1	विस्तार केन्द्र खांडवा	ताइक्वांडों
		कुश्ती
2	राजकीय बाल बहुउद्देशीय हायर सेकेंड्री स्कूल, मल्हार आश्रम, इंदौर	जिम्नास्टिक्स
		खो-खो
		कुश्ती

राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (एनएसटीसी) स्कीम

1	महारानी लक्ष्मीबाई बहुउद्देशीय एचएस, जबलपुर	खो-खो

अपनाए गए अखाड़े

1	श्री अच्युतानंद गुरु व्यायामशाला, उज्जैन	कुश्ती
2	श्री बिंदा गुरु अखाड़ा, इंदौर	कुश्ती
3	देशवाली समाज अखाड़ा, उज्जैन	कुश्ती

****